(26) साई अपने चित्त की, भूलि न कहिए कोई ।

(27) नौ नगद, न तेरह उधार ।

(28) ऊँची दुकान, फीका पकवान ।

प्रश्न : 40–41

● **निम्न लिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए :** **(02)**

(1) मोहन और ममता विदेश गया ।

(2) रीना ने पिताजी को प्रार्थना की ।

(3) मेरा आत्मा रो रहा है ।

(4) बारीस की मौसम थी ।

(5) मुझे बहार जाना है ।

(6) आप किसको मिलने आए हो ?

(7) पृथ्वी पर सूर्य के किरण फैलने लगे ।

(8) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलेगा ।

(9) अकवाहों में युद्धकाल का बड़ा प्रभाव होता है ।

(10) ईस मंदिर में अनेकोगणेश की मूर्तिया है ।

(11) कायदा हरएक आदमियों पर लागू होता ।

(12) सुदामा श्रीकृष्ण को मिलने गए ।

(13) में आपको वादा करता हूँ ।

(14) वे हमसे त्याग की उपेक्षा करते थे ।

(15) गाँधीजी असली भारत के सपूत थे ।

(16) प्रेमचंद ने लिखा 'गबन' तुमने पढ़ा है ।

(17) यह मेरी स्कूल है ।

(18) राधा का घर मीना से अच्छा है ।

(19) लताजी का आवाज मधुर है ।

(20) यहतो बहोत मुश्किल सवाल है ।

(21) सुरत की आबादी ईतिहास में प्रसिद्ध है ।

(22) सीमा की साडी मीना से अच्छी है।

(23) यह सब पुस्तकें उठा ले जाओ।

(24) मोहन को दो भाई है।

(25) मोना ने आचार्यजी को बिनती की।

(26) मेरे से भूल हो रही है।

(27) गरीबों को प्रेम करो।

(28) गाँधीजी एक महान व्यक्ति थी।

(29) मेरी पास दो किताब है।

(30) पुष्पा ने एक कविता को गाई .

(31) तुम्हारा सारा मेहनत बेकार गया।

(32) ममता में सद्‌गुण एक बहुत बड़ा है।

(33) उनकी हिन्दी मातृभाषा नहीं है।

• • •

विभाग-C

पठन (अपठित)

(16) सार-लेखन - (प्रश्न-42)

(17) पद्यांशो का भावार्थ (प्रश्न - 43, 44)

(18) गद्य-समीक्षा - (प्रश्न - 45 से 49) **(05)**

● **निम्न लिखित प्रत्येक गद्यांशका एक-तिहाई भाग में सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए ।**

(1) किसी भी कार्य में सफलता करने के लिए व्यक्ति को द्रढ संकल्प होना जरूरी है । गुलामी और आतंक के वातावरण में क्रांतिकारी किस तरह विद्रोह का बिगुल बजा लेते है ? सूखी रोटियाँ खाकर और कठोर धरती को शय्या बनाकर भी देश को आजाद कराने का कार्य कैसे कर पाए महाराणा प्रताप ? वह कौन-सा बल था,जिसके आधार पर मुठ्ठी भर हड्डियोवाले महात्मा गांधी विश्वविजयी अंग्रेजो के देश के बाहर कर शके ? निश्चय ही यह थी मन की सबलता । मन की सबलता के लिए सत्य, न्याय और कल्याण के आदर्श का होना जरूरी है । जिसके मन में सत्व की शक्ति नहीं, जो न्याय के पक्ष में नहीं है, उसके मन में तेज नहीं आ पाता । अनुचित कार्य करनेवाला व्यक्ति आधा मन यूँ ही आ पाता । अनुचित कार्य करनेवाला व्यक्ति आधा मन यूँ ही हार बैठता हैं । उसके मन में एक छिपा हुआ चोर होता है, जो उसे कभी सफल नहीं होने देता ।

(2) जीवन एक अनमोल निधि है । यदि आप किसी कारणवश उसका समुचित लाभ अथवा आनंद नहीं उठा पाते, तो आपका पहला कर्तव्य है कि आप अपनी वर्तमान परिस्थिति का अच्छी तरह विश्लेषण करें । आपकी समस्या क्या है, इसे भली-भाँति समझें और अपनी मुश्किलों को दूर करने का उपाय सोचे । इसके विपरीत यदि आप परिस्थितियों को अपने ऊपर हावी होने देते हैं और वास्तविक एवं कल्पित कष्टो से मन को दु:खी बनए रहते हैं, तो आप जीवन का रस नहीं ले सकते । बहुत संभव है, आपका कष्ट आर्थिक हो । परिवार के कई लोगों के भरण-पोषण के लिए आपको अप्रिय अथवा अरुचिकर कार्य भी करने पडते हो, आपको काफी वेतन न मिलता हो अथवा किसी गंभीर कष्ट से आप दबे हो, लेकिन घबराने से क्या इन सबका निराकरण हो जाएगा ? अत: समस्या से डरिए मत, उसकी शिकायत मत कीजिए, बल्कि जूझने के लिए तैयार हो जाईए ।

(3) स्वार्थ तो सब में होता है । पशु में भी होता है । मनुष्य में भी होता है । जहाँ तक स्वार्थ का संबंध है, मनुष्य पशु ही तो है और मनुष्य का बडा । अगर पशु कहना कुछ कड़ा मालूम होता है, तो उसे ''बड़ा पशु'' कहिए । पशु का स्वार्थ छोटा होता है और मनुष्य का बडा । और नहीं तो क्या उन आदमीनुमा लोगों को मनुष्य ही कहेंगे, जो पेट पालने के लिए, स्वार्थ के लिए, खुद्दगरजी के लिए झूठ बोलते हैं, दगा करते हैं, जो और भी बड़े स्वार्थी होते हैं, वे पैसे के बल पर कभी अंध जनता को पैसे की शराब पिलाकर मतवाला करते हैं और निरीहो को रक्तशोषण का औजार बना लेते हैं । कुछ बुद्धि के बल पर उन्हें धार्मिक ढोंग का नशा पिलाकर लोगों को जलील करते हैं, देश का देश तबाह करा देते हैं । कुछ अधिकार का मद पिलाकर गरीबों की पसलियाँ दुह लेते हैं । क्या इन आदमियों को भी आप आदमी कहेंगे ?

(4) मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, जहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता हैं, वहाँ से उसे स्वाभाविक प्रेम हो जाता है। वहाँ के सभी लोग उसके जाने–पहचाने होते हैं। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सभी का रहन–सहन एक–सा होता हैं। ऐसी दशा में वहाँ के लोगों से ममता होना स्वाभाविक हैं। मनुष्य चाहे कितने ही अच्छे स्थान पर रहने लगे, पर उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने को उत्सुक रहता है। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिस देश में हमने जन्म लिया है, जिसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्तव्य हैं। देश की उन्नति में ही हमारी उन्नति हैं। यदि देश गिरी दशा में होगा तो न हम अधिक दिन तक संपन्न रह सकते हैं और न कहीं हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति सबको ममता की भावना रखनी चाहिए।

(5) निंदा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है। मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दुसरों की निंदा करके ऐसा अनुभव करता है वे सब निकृष्ट हैं और वह उनसे अच्छा है। उसके अहं की इससे पुष्टि होती हैं। बड़ी लकीर को कुछ मिटाकर छोटी लकीर बड़ी बनती है। ज्यो–ज्यों कर्म क्षीण होता जाता हैं, त्यों–त्यों निंदा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती हैं। कठिन कर्म ही ईर्ष्या, द्वेष और इनसे उत्पन्न निंदा को मारता है। इंद्र बड़ा ईर्ष्यालु माना जाता है, क्योंकि वह निठल्ला हैं। स्वर्ग में देवताओं को बिना उगाया अन्न, बे–बनाया महल और बिन बोये फल मिलते हैं। अकर्मण्यता में उन्हें अप्रतिष्ठित होने का भय बना रहता है, इसलिए कर्मी मनुष्यों से उन्हें ईर्ष्या होती हैं।

(6) जीवन में साहित्य की उपयोगिता अनिवार्य हैं। साहित्य मानवजीवन को वाणी देने के साथ समाज का पथ–प्रदर्शन भी करता है। उपयोगिता की द्दष्टि से देखे तो साहित्य के अध्ययन से अनेक लाभ हैं। साहित्य मानवजीवन के अतीत का ज्ञान कराता हैं, वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता है और भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता हैं। प्रत्येक आनेवाला समाज और युग इनसे प्रेरणा लेता हैं। साहित्य ही हमे मनुष्य की कोटि में बनाए रखता हैं। किसी समाज का साहित्य क्षीण होने लगे तो वह समाज भी रसातल को चला जाता है। साहित्य समाज के साथ कार्य करते हुए भी समाज के लिए प्रकाश के स्तंभ का कार्य करता हैं। साहित्य का आलोक–पुंज सूर्य की भाँति समाज के समस्त विकारों का हरण करता हैं तभी वह सत्–साहित्य कहलाने का अधिकारी होता है।

(7) आज भ्रष्टाचार हमारे ऊपर बुरी तरह हावी हो गया है। इसी कारण देश में सर्वत्र असत्य, अनाचार, कालाबाजारी, सिफारिश, रिश्वत, जमाखोरी, मुनाफाखोरी आदि का खुलकर तांडल नृत्य हो रहा हैं। भला इस स्थिति में कोई देश कैसे उन्नति कर सकता हैं ? भारत जैसे स्वतंत्र देश के लिए प्रशासन का भ्रष्टाचार एक अभिशाप है, कलंक है। राष्ट्र के इस प्रबल शत्रु को मारने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाने की आवश्यकता हैं। लेकिन यह तभी संभव है जब यहाँ के देशवासियों में नैतिक और चरित्र–बल हो। इसकी पूर्ति के लिए जनता को स्वार्थपरता, नेताओं को कुर्सी का मोह, अपने–पराये, जातिवाद आदि की भावना को त्यागना होगा। अन्यथा भ्रष्टाचार की स्थिति में हमारी समस्त योजनाएँ और विकास कार्यक्रम भली–भाँति कार्यान्वित नहीं हो सकेंगे। यदि यह भ्रष्टाचार पनपता ही रहा, तो हमारी स्वतंत्ता खतरे में पड़ जाएगी।

(8) ''मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।'' चाहे प्रार्थना, पूजा, जुलुस, बाजे, मंदिर आदि हो अथवा नमाज , रोजा, इद, मुहर्रम, मस्जिद या गिरजाधर वगैरा हो; जिस क्षण हम यह महसूस करने लगें की उनमें शामिल होने में हमारे अपने अथवा वहाँ इकट्ठा हुए बहुत–से लोगों के दिलों में ईश्वर कि उपासना नहीं हैं,

बल्कि अपना दुन्यवी और कौमी मकसद पूरा करने की या किसी दुसरे सम्प्रदाय के लोगों से झगड़ा ठानने की द्रष्टि हैं, उसी क्षण समझदार आदमी को यह मान लेना चाहिए कि इस बात में ईश्वर, धर्म, सच्चाई या भलाई नहीं रही हैं, वह केवल एक ढकोसला, पाप और बुराई हैं। न तो उस स्थान में कोई पवित्रता रह गई हैं, न वहाँ होनेवाली विधि में। उसका एक पुरानी और पाक चीज से मिलाया जाना हमें नाहक धोखे में डालना हैं। जिस दूध में साँप ने मुँह डालकर जहर उगल दिया हो, उस दूध की तरह ये चीजें भी फेंक देने लायक ही हैं। बेहतर है कि नेक आदमी न तो मंदिर में जाय और न मस्जिद में, न दशहरा मनाये और न ईद, बनिस्बत, इसके कि इनके जरिये वह इन्सान से बैर करना सीखे।

(9) साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती हैं। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखनेवाले उसके बारे में क्या सोच रहे हैं ? जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्य को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अडोस-पडोस को देखकर चलना, वह साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर माध्यम बनाते हैं।

(10) नए-नए ढंग से फैशन करना अथवा नए फैशन के कपड़े पहनना कोई बुरी बात नहीं हैं। पर फैशन का हूबहू-अनुकरण करना या उसे भी एक कदम आगे बढ़कर भोंडी नकल करना हमारे संस्कार और वातावरण के कतई अनुकूल नहीं है। विदेशी फिल्मों और दूरदर्शन चैनलों के माध्यम से जो फैशन घर में अनचाहे मेहमान की तरह आ रहा है वह बेहूदा और भारतीय परिस्थितियों के प्रतिकूल है। इसके बावजूद भी विदेशी तर्ज के ईस फैशन का चलन महानगरों में खूब बढ़ रहा हैं। स्कूल-कालेज की लड़कियों से लेकर कामकाजी महिलाओं और कुछ संपन्न आधुनिक घरानों की प्रौढाओ का पहनावा भी ज्यादा से ज्यादा प्रदर्शनकारी होता जा रहा हैं। यह भारतीय संस्कृति के प्रतिकूल है। हमें अपनी भारतीय पृष्ठभूमि पर ही नए फैशन को अपनाना चाहिए। इससे हमारे पारंपरिक भारतीय मूल्यों पर भी कुठाराघात नहीं होगा और हमारी संस्कृतिजन्य राष्ट्रीय विरासत भी सुरक्षित रहेगी।

प्रश्न-43-44

- **निम्न लिखित प्रत्येक पद्यांशो का भावार्थ स्पष्ट कीजिए :** **(08)**

(1) ऊँच-नीच का भेद न माने, वहीं श्रेष्ठा ज्ञानी है।
दया-धर्म जिसमें हो, सबसे वही पूज्य प्राणी है।

(2) दुर्बल को न सताए जाकी मोटी हाय।
मुई खाल की साँस सो लोह भसम हो जाय।

(3) जो रहीम उत्तम प्रकृत्ति का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग॥

(4) सहनशीलता, क्षमा, दया को तभी पूजता जग है,
बल का वर्ष चमकता उसके पीछे जब जगमग है।

(5) करत–करत अभ्यास ते, जडमति हो सुजान ।
रसरी आवत–जात ते सिल पर परत निसान ॥

(6) जो जल बाढै नाँव में, घर में बाढै दाम ।
दोनों हाथ उलीचिए, यहि सज्जन को काम ।

(7) बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर ।
पंथी को छाया नहीं, फल लगे अति दूर ॥

(8) श्रम जीवन का सार है, श्रम मानव का हार ।
श्रम करना है गुण महा, श्रम सच्चा व्यवहार ॥

(9) कबीर कुआँ एक है, पानिहारिन अनेक ।
बर्तन सबके अलग–अलग, पानी सब में एक ।

(10) अपनी पहुँच विचारकै, करतल करिये दौर ।
ते ते पाँव पसारिये, जेति लांबी सौर ॥

(11) ऐसी बानी बोलिए, मन का आया खोय ।
औरन को शीतल करैं, आप हुँ शीतल होय ।

(12) काल करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब ।
पल में परलै होयगी, बहुरि करेगा कब्ब ॥

(13) कुछ किए बिना जय–जयकार नहीं होती ।
कोशिष करनेवालों की हार नहीं होती ।

(14) अपनी सीमाओं में रहकर जीना सीखो ।
क्यों विष पी रहे हो, अमृत पीना सीखो ।

(15) दुर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय ।
मुँह ढोर के चाम से लोह भसम हो जाय ।

(16) वृक्ष कबहुँ नहि फल, भखें, नदी न संचे नीर ।
परमाथ के कारनै, साधुन, धरा शरीर ॥

(17) रहिमन धाग प्रेम का मत तोडो घटकाय ।
टूटे से फिर ना जुडे, जुडे गाँठ परिजाय ॥

(18) नीच निचाई नहि तजै सज्जन हू के संग ।
तुलसी चंदन विदप बसि, बिनु विष भए न भुजंडा ॥

(19) आव नहीं, आदर नहीं, नहीं नैनम में नेह ।
तुलसी तहाँ न जाईए, भले कंचन बरसे मेह ॥

(20) निन्दक नियरे राखिए, आँगन कुठि छवाय ।
बिनु पानी बिनु साबुन, निर्मल करे सुभाय ॥

(21) बुरे लगत सिख के वचन, हिए बिचारौ आप ।
करवे भेषज बिन पिये, मिटै न तन का ताप ॥

(22) धन रहीम जल पंक को, लंघु जिय पियत अघाय ।
उदधि बडाई कौन है, जगत पियासो जाय ॥

प्रश्न–45 से 49

- **निम्न लिखित प्रत्येक गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **(05)**

(1) स्त्रियों की शिक्षा का स्वरूप पुरुषों की शिक्षा के स्वरूप से अलग रहना चाहिए। कताई, बुनाई, सिलाई, कटाई आदि की शिक्षा तो उन्हे दी ही जाए, किंतु ईसी के साथ उन्हें कुटीर उद्योगों में भी निपुण बनाया जाना चाहिए, जिससे कि बुरा समय आने पर वे किसी की मोहताज न रहें। स्त्रियों को शिक्षित करने से हमारा घर स्वर्ग बन सकता हैं। नासमझ और फूहड़ औरतों से परिवार तबाह हो जाते हैं। जिस घर की स्त्रियाँ सुशिक्षित और सुसंस्कृत होती हैं, वे घर जिंदा विश्वविद्यालय होते हैं। शिक्षा का अर्थ किताबी ज्ञान ही नहीं है और न ही अक्षरज्ञान है, वह तो जीने की कला है।

प्रश्न :

(1) स्त्रियों को किस प्रकार की शिक्षा देनी चाहिए ?

(2) हमारा घर स्वर्ग कब बन सकता है ?

(3) शिक्षा का अर्थ क्या है ?

(4) बुरे समय में स्त्रियाँ स्वावलंबी कैसे रह सकती है ?

(5) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

(2) हँसने का एक सामाजिक पक्ष भी होता है। हँसकर हम लोगो को अपने निकट ला सकते हैं और व्यंग करके उन्हें दूरस्थ बना देते हैं। जिसको भगाना हो, उसकी थोडी देर हँसी–खिल्ली उडाइए, वह तुरंत बोरिया–बिस्तर गोलकर पलायन करेगा। जितनी मुक्त हँसी होगी, उतना समीप व्यक्ति खींचेगा। ईसीलिए तो श्रोताओं की सहानुभूति अपनी ओर घसीटने के लिए चतुर वक्ता अपना भाषण किसी रोचक कहनी या घटना से आरंभ करते हैं। जनता यदि हँसी, तो चंगुल में फँसी। सामाजिक नियमों और मूल्यों को मान्यता दिलाने और रुढियों को निष्कासित करने में पुलिस या कानून सहायता नहीं करता, किंतु वहाँ हास्य का चाबुक अचूक बैठता है। हास्य के कोडे, उपहास – डंक और व्यंग्यबाण मारकर आदमी के रास्ते पर लाया जा सकता है। इस प्रकार गुमराह बने हुए समाज की रक्षा की जा सकती है।

प्रश्न :

(1) जनता चंगुल में कब फँसती हैं ?

(2) हास्य का चाबुक कहाँ सहायक होता है ?

(3) आदमी को रास्ते पर लाने का कौन–सा उपाय बताया गया है ?

(4) व्यंग्य का परिणाम क्या होता है ?

(5) ईस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

(3) जीवन में साहित्य की उपयोगिता अनिवार्य है। साहित्य मानव–जीवन को वाणी देने के साथ समाज का पथ–प्रदर्शन भी करता है। उपयोगिता की दृष्टि से देखें तो साहित्य के अध्ययन से अनेक लाभ है। साहित्य मानव–जीवन के अतीत का ज्ञान कराता है, वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता है और भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है। प्रत्येक आनेवाला युग और समाज इससे प्रेरणा लेता है। साहित्य की हमें मनुष्य की कोटि में बनाए रखता हैं। किसी समाज का साहित्य क्षीण होने लगे तो वह समाज भी रसातल को चला जाता है। साहित्य समाज के साथ कार्य करते हुए भी समाज के लिए प्रकाश के स्तंभ का कार्य करता है। साहित्य का आलोक–पुंज सूर्य की भाँति समाज के समस्त विकारो का हरण करता है, तभी वह सत्–साहित्य कहलाता है।

प्रश्न :

(1) साहित्य के अध्ययन से कौन–सा लाभ होता है ?

(2) सत्–साहित्य किसे कहा जा सकता है ?

(3) साहित्य क्या कार्य करता है ?

(4) साहित्य क्षीण होता है, तब समाज को क्या होता है ?

(5) ईस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

(4) हाथ की मजदुरी से ही सच्चे ऐश्वर्य की उन्नति होती है। जापान में मैंने कन्याओं और स्त्रियो के ऐसी कलावती देखा है कि रेशम के छोटे–छोटे टुकडों को अपनी हस्तकारी की बदौलत हजारों की कीमत का बना देती है। नाना प्रकार के प्राकृतिक पदार्थो और दृश्यों को अपनी सुई से कपड़े के ऊपर अंकित कर देती है। जापान–निवासी कागज, लकड़ी और पत्थर की बड़ी अच्छी मूर्तिया बनाते हैं। करोड़ो रुपयों के हाथ के बने हुए जापानी खिलौने विदेशो में बिकते है। हाथ की बनी हुई जापानी चीजे मशीन से बनी हुई चीजों को मात करती हैं। संसार के सब बाजारोंमें उनकी बड़ी माँग रहती है। पश्चिमी देशों के लोग हाथ की बनी हुई जापान की अद्‌भुत वस्तुओ पर जान देते हैं। एक जापानी तत्त्वज्ञानी का कथन है कि हमारी दस करोड़ उँगलियाँ सारे काम कती हैं। उन ऊँगलियों ही के बल से संभव है, हम जगत को जीत लें। यदि भारत के तीस करोड़ नर–नारियों की ऊँगलियाँ मिलकर कारीगरी के काम करने लगे तो उनकी मजदूरी की बदौलत कुबेर का हल उनके चरणों में आप–ही आप आ गिरे।

प्रश्न :

(1) जापान की स्त्रियाँ किस कला में निपुण हैं ?

(2) जापान की हाथ कारीगरी की कौन-सी चीजों की विदेशों में बड़ी माँग रहती हैं ? क्यों ?

(3) जापानी तत्त्वज्ञानी के कथन का तात्पर्य क्या हैं ?

(4) हम भारत को किस प्रकार समृद्ध बना सकते हैं ?

(5) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

(5) गीता जीवन को कला सिखाती है। जब मैं देखता हूँ कि हमारा समाज आज हमारी संस्कृति के मौलिक सिद्धांतो की अवहेलना करता है, तब मेरा हृदय फटता है। आप चाहे जहाँ जाएँ, परंतु संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों को सदैव साथ रखें। संसार के सारे सुख क्षणभंगुर एवं अस्थायी होते हैं। वास्तविकसुख हमारी आत्मा में ही है। चरित्र नष्ट होने से मनुष्य का सबकुछ नष्ट हो जाता है। संसार के राज्य पर विजयी होने पर भी आत्मा की हार सबसे बड़ी हार है। यही है हमारी संस्कृति का सार, जो अभ्यास द्वारा सुगम बनाकर कार्यरुप में परिणत किया जा सकता है।

प्रश्न :

(1) लेखक का हृदय कब फटता है ?

(2) संसार के सारे सुख कैसे होते हैं ?

(3) मनुष्य का सबकुछ कब नष्ट हो जाता है ?

(4) संस्कृति का सार क्या हैं ?

(5) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

(6) भारत में प्राचीन काल से दहेज प्रथा चली आ रही है। कन्या के माता-पिता अपनी क्षमता के अनुसार शादी के समय दहेज देते चले आए हैं। वर एवं कन्या के परिवारवालों में आपसी प्रेम था। इसलिए वरवाले कन्यावालो से किसी प्रकार की माँग करने में संकोच करते थे, परंतु पिछले 50 वर्षो से विवाह एक व्यापार बन गया हैं। इससे समाज दु:खी है। लड़कीवाला लड़के की योग्यता के स्थान पर धन को ही सर्वस्व मानता है और वह बड़े अमीर परिवार में अपनी लड़की को देना चाहता है। लड़का अनेक लड़कियों को देखता है और जिस लड़की के पास धन अधिक होता है, उसे चून लेता है। उसकी योग्यता को नहीं देखता। आज लड़की के विवाह का मूल आधार धन बन गया है। जिस दिन लड़की का जन्म होता है, उसी दिन से माता पिता को उसके विवाह की चिंता लग जाती है। इस बुराई को दूर करने के लिए हमें मिलकर इस प्रथा का विरोध करना चाहिए। जो दहेज लेता है, उसके लिए ऐसा कानून बनाना चाहिए कि दहेज लेनेवाले को चोरी जुआ एवं हत्या आदि अपराध करनेवालों के समान देखा जाए और सामाजिक मंच पर उसे बेइज्जत किया जाए। इस विषय पर मात्र बोलने एवं लिखने से अब काम नहीं चलेगा। हमें एक होकर इस प्रथा के विरोध में कदम बढ़ाने होंगे।

प्रश्न :

(1) भारत में प्राचीन काल में दहेज प्रथा का स्वरूप कैसा था ?

(2) अब लोगों ने किस तरह विवाह को व्यापार बना दिया है य़

(3) आज लड़की के विवाह का मूल आधार क्या बन गया है ?

(4) दहेज की बुराई को दूर करने के लिए किस तरह का कानून बनना चाहिए ?

(5) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

(7) हमारे देश में धर्मो–संप्रदायो के अनेक उपासना–गृह, मंदिर, मस्जिद, गिरजाधर और गुरुद्वारे हैं। सभी शांति चाहते हैं, पर शांति का दर्शन नहीं होता नहीं। हर जगह कोई–न–कोई आंदोलन छिडा है। पत्थर, सीमेंट, गारे–चूने से बने इन भव्य, पवित्र स्थानों से मनुष्य की नैतिकता को कोई बल क्यों नहीं मिलता ? जरूरत इस बात की है कि इन धार्मिक स्थानों से नैतिकता और शांति का संदेश प्रसारित हो। इन स्थानों में परंपरागत पुजारियों की जगह गण्यमानय विद्धान हो, जो हमारे मन को शांति है और उसमें एक विशेष आस्था का संचार करे। हमें आज धार्मिक क्षेत्र में आवश्यकता है वैचारिक क्रांति की, सत्साहित्य की एवं चरित्र–निर्माळ की।

प्रश्न :

(1) हमारे देश में धर्म और संप्रदायो की क्या स्थिति हैं ?

(2) हमारे देशें कौन–कौन से धार्मिक स्थान हैं ?

(3) आज धार्मिक स्थानों से हमारी क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(4) आज धार्मिक क्षेत्र में हमें किन बातों की आवश्यकता हैं ?

(5) इस परिच्छेद के लिए उचीत शीर्षक लिखिए।

(8) मनुष्य जहाँ जन्म लेता हैं, वहा ँ की धूल में खेलकर बड़ा होता हैं। वहा ँ से उसे स्वभाविक प्रेम हो जाता है। वहाँ के सभी लोग उसके जाने–पहचाने हो जाते हैं। लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सभी का रहन–सहन एक–सा होता हैं। ऐसी दशा में वहाँ के लोगो से उसकी ममता का होना स्वाभाविक है। मनुष्य चाहे कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि पहुँचने को उत्सुक रहता हैं। जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं। जिस देश में हमने जन्म लिया है, उसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ हैं, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्तव्य हैं। देश की उन्नति में ही हमारी उन्नति है। यदि देशगिरी दसा में होगा, तो न हम अधिक दिन संपन्न रह सकते हैं और न हमारा मान हो सकता है। देश के प्रति सबके ममता की भावना रखनी चाहिए।

प्रश्न :

(1) मनुष्य को जन्मभूमि से स्वाभाविक प्रेम क्यों होता हैं ?

(2) अपनी जन्मभूमि के प्रति कौन–सी भावना रखना हमारा कर्तव्य हैं ?

(3) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ किसे कहाँ गया है ?

(4) हमारी उन्नति किस में निश्चित हैं ?

(5) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शिर्षक दीजिए।

(9) किसी भी देश या काल के लिए जवान (सैनिक) तथा शिक्षक दोनो ही महत्त्वपूर्ण हैं। किसी एक के बिना समाज सुरक्षितनहीं रह सकता। दोनों ही समाज के रक्षक हैं, किन्तु उनके कार्यो में भिन्नता दिखाई पड़ती हैं। एक शत्रुओं से देश की रक्षा करता है, तो दूसरा देश को समृद्ध बनाता हैं। फिर भी शिक्षक का उत्तरदायित्व जवान से कहीं बढ़कर हैं। भावी, नागरिक, निर्माण करने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर हैं। वह उसके शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक विकास का जनक हैं, जिस पर व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्रनिर्भर हैं। शिक्षक के ही द्वारा कोई योग्य सैनिक बन सकता हैं। हमारे अहिंसक आंदोलन ने दुनिया को दिखा दिया है कि शिक्षक सैनिक से कहीं श्रेष्ठ हैं। इसे बनावटी शस्त्रों की जरुरत नहीं हैं। इसका आलिक बल सब शस्त्रों से बड़ा है।

प्रश्न :

(1) समाज की सुरक्षा किस पर निर्भर हैं ?

(2) शिक्षक तथा जवान समाज में क्या महत्त्व रखते हैं ?

(3) शिक्षक पर कौन-सी जिम्मेदारी हैं ?

(4) शिक्षक का उत्तम शस्त्र कौन-सा है ?

(5) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

(10) मानव के व्यक्तिगत का निर्माण करनेवाले विभिन्न तत्त्वो में चरित्र का सबसे अधिक महत्त्व हैं। चरित्र एक ऐसी शक्ति है जो मानवजीवन को सफल बनाती हैं। चरित्र की शक्ति ही आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र मनुष्य के क्रिया-कलाप और आचरण के समूह का नाम हैं। चरित्ररूपी शक्ति के सामने पाशविक शक्ति भी नष्ट हो जाती हैं। चरित्र की शक्ति विद्या, बुद्धि और संपत्ति से भी महान होती हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि कई चक्रवर्ती सम्राट घन, पद, वस्तु और विद्या के स्वामी छे, परंतु चरित्र के अभाव में अस्तित्त्वविहीन हो गए।

प्रश्न :

(1) चरित्र का क्या महत्त्व हैं ?

(2) चरित्र का मानवजीवन पर क्या प्रभाव पड़ता हैं ?

(3) चरित्र किसे कहते हैं ?

(4) इतिहास किस बात का साक्षी है ?

(5) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

● ● ●

विभाग-D लेखन

(19) निबंध लेखन – (प्रश्न – 50)

(20) कहानी लेखन – (प्रश्न – 51)

(21) विचार-विस्तार – (प्रश्न – 52, 53)

(22) पत्र-लेखन – (प्रश्न – 54)

● **निम्न लिकित विषय पर लगभग 20 वाक्यो में निबंध लिखिए : (08)**

(1) हमारे जीवन में परिश्रम का महत्त्व ।

परिश्रम से लाभ-परिश्रमी व्यक्ति का समाज में स्थान-उपसंहार

(2) आतंकवाद : एक वैश्विक समस्या ।

परिचय – क्यों – कहाँ – कहाँ, क्या-क्या करता है ? सामना अनावश्यक – कौन करे ? कैसे करे ? – कब करे ? – संभावना – सफलता –

(3) मातृप्रेम –

माता की ममता – पशु-पक्षियों में मातृस्नेह – अप्रितम – मातृप्रेम – पितृप्रेम से सलाह – माता के प्रेम का प्रभाव वास्तल्यमूर्ति माँ –

(4) प्रदूषण – एक विकट समस्या –

चारों ओर प्रदूषण – प्रकार- प्रदूषण के कारण – दुष्परिणाम – काम करने का उपाय – संदेश –

(5) बुढ़े की आत्मकथा –

परिचय – बचपन – युवानी का समय – वृद्धावस्था – असह्य जीवन – उपसंहार –

(6) पुरुषार्थ ही प्रारब्ध है ।

प्रारंभ – अर्थ – महत्त्व – पुरुषार्थ रहित जीवन – पुरुषार्थ और भाग्य – उदाहरण – उपसंहार –

(7) सैनिक की आत्मकथा –

परिचय – बचपन – फौज में भरती – तालीम – सुखद – अनुभव – गौरवपूर्ण जीवन – उपसंहार ।

(8) दहेज : एक सामाजिक अभिशाप

दहेज मृत्यु – दहेज का प्राचीन – अर्वाचीन रुप – वधूओं पर अत्याचार 0 कन्यापक्ष की दुर्गति – दहेज – प्रथा –

(9) भारत की जन-संख्या : विकट समस्या

सारी समस्याओं की जड़ – जनसंख्या वृद्धि के परिणाम – कारण- नियंत्रण जरुरी – संदेश –

(10) समय का सदुपयोग :

महत्त्व – समय कैसे नष्ट करते है- समय का सदुपयोग कैसे कर- समय महापुरुष – उपसंहार :

(11) चलचित्र से लाभ–हानि :

आधुनिक जीवन में चलचित्रों का स्थान – मनोरंजन का स्थान – सामाजिक समस्याओं का समाधान – शैक्षणिक योगदान – समाज पर बुरे परिणाम ।

(12) मजदुरिन की आत्मकथा :

प्रस्तावना – पारिवारीक जीवन – मजदुरिन कैसे बनी – जीवन की मुसिबत – कठोर श्रम – अतिरिक्त शोषण – दयनीय आकस्मिक परिवर्तन– उपसंहार ।

(13) देश के प्रति युवकों का कर्तव्य :

प्रस्तावना – युवकही देश के रक्षक – देशकी प्रगति के आधार – राष्ट्र के निर्माण को अन्य कार्य – उपसंहार ।

(14) मनोरंजन के आधुनिक साधन :

मनोरंजन की आवश्यकता – प्राचीन स्वरूप – आधुनिक साधन – घरेलु – बाहरी साधन – साहित्यिक मनोरंजन जीवन में मनोरंजन का स्थान ।

(15) अहिंसा :

परिभाषा – भारतीय ईतिहास में अहिंसा – अर्वाचीन युग –गाँधीजी और अहिंसा – सत्य की उपासना – अमोधशस्त्र – अहिंसा परमो धर्मः ।

(16) विद्यार्थी जीवन की स्मृतियाँ :

प्रस्तावना – विद्यार्थी जीवन – स्मृतियाँ – पाठ़शाला में प्रवेश – मधुर घटनाएँ – गुरुजनों का प्रभाव – मित्रगण – पाठ़शालासे लिया ।

(17) जीवन में शिक्षा : वनमें वृक्ष

शिक्षा का अर्थ महत्त्व – वन में वृक्षो का महत्त्व – शिक्षा से ही जीवन में हरियाणी – शिक्षाविहिन – वृक्षहीन जीवन – उपसंहार

(18) हाय रे ! महँगाई ।

प्रस्तावना – अर्थ और स्वरूप – महँगाई के कारण – दुष्परिणाम – नियंत्रण के उपाय – उपसंहार –

प्रश्न : 51

- निम्न लिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए और सीख लिखिए :

(1) एक राजा – देश–विदेश में उसकी बुद्धि की ख्याति – कश्मीर की राजकुमारी का उसके पास आना – फूलों की दो मालाएँ साथ – एक असली – दुसरी नकली – हाथ लगाएँ बिना असली को बताने को कहना – राजा का खिड़कियों को खोलने का आदेश – मधुमक्खी का भीतर आना – असली पर बैठ़ना – सीख ।

(2) एक भिखारी – देवता प्रसन्न – वरदान मुंहरे माँगना – देवता की शर्त – जो मुँहरे जमीन पर गिरेगी उनकी मिट्टी होगी – भिखारीन का पुरानी झोली लाना – कुछ मुहरे देना – लोभ में आकर और मुहरे माँगना – थैली फटना – परिणाम ।

(3) धना जंगल – एक साँप – राहीगीरों को काँटना – साँप साधु की संगति में – उपदेश – 'काटो–मत' – परिणाम–लोगों का साप को ढेले मारकर सताना– साधु का दुबारा उपदेश फूककारो लेकिन काटो मत ।

(4) एक विद्यार्थी – मुंदबुद्धि का होना – माता–पिता निराश – शिक्षक का समझना – ध्यान न देना – निराश होकर चल पड़ना – मार्ग में कुआँ – स्त्रियों का पानी भरना, यह देखना, कुएँ के पत्थरों पर गहरे निशान – कारण पूछना, रस्सी के निशान – बोध – अभ्यास में जुट जाना – विद्वान बनना –

(5) संध्या का समय – मुंबई के सड़को पर भीड़ – कार में बैठे हुए शेठ का पर्स गिरना – एक गरीब विद्यार्थी को मिलना – तरह–तरह के विचार – दूसरे दिन हेड–मास्तर को बताना – समाचारपत्र में खबर छपाना – पढ़कर शेठ का स्कूल में आना – बालक की सच्चाई पर खुश – बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए सारा धन दे देना – बाद में ओफिस में मैनेजर रखना – सीख ।

(6) एक विद्यार्थी परीक्षा में असफल – निराशा – परीक्षा में – आत्महत्या करने जाना – पेड़ देखना – बार–बार मकड़ी का चढ़ने का प्रयत्न – सफलता मार्ग – ध्यान से पढ़ना – सफल होना ।

(7) गधे पर नमक का बोझ – नदी पार जाना – अचानक – गधे का नदी में गिरना – बोझ का हलका होना – दुसरे दिन मालिक का अधिक बोध डालना – गधे का जान–बुझकर नदी में गिरना – गधे को सबक सिखाने का मालिक का संकल्प – अगले दिन रूई का बोझ लादना – गधे का नदी में गिरना – सीख।

(8) धनवान शेठ का रात का चौकीदार – एक रात सपने में रेलगाडी का अकस्मात देखना – दुसरे दिन उसी गाडी से जानेवाले शेठ को रोकना – शेठ का सचमुच बच जाना – चौकीदार को ईनाम – परन्तु साथ–साथ नौकरी से भी निकाल देना – 'तुम अपने काम में वफादार नहीं – सीख ।

(9) जहाँगीर – न्यायी बादशाह – बेगम नुरजहाँ का शिकार खेलने जाना – एक धोबी को गोली लगना – विधवा धोबिन की शिकायत – बादशाह दुविधामें – एक ओर प्रेम – दुसरी ओर न्याय – न्याय की विजय – सीख ।

(10) एक युवक को माता–पिता पढ़ाकर अफसर – शादी – पत्नी से मिलकर माता–पिता का अपमान – तिरस्कार – नफरत – युवक के बेटे का देखना – युवक वृद्ध – अपने बेटे की मार – नफरत – खाना नहीं देना – अपमानित वृद्ध का पूछना – 'आपने ही तो यही किया था । युवक पछताया ।

(11) भीड़ के लोगों का एक आदमी पर पत्थर – महात्मा का आना – पापों की शिकायत – महात्मा से न्याय की माँग – महात्मा का न्याय – ''ठीक है, पत्थर मारो, पर पहला पत्थर वह उठाये जो पूर्ण निष्पाप हो'' किसी का आगे न बढ़ना – भीड़ का चुपचाप रहना – महात्मा का उपदेश ।

प्रश्न : 52 , 53

- **निम्न लिखित विधानों का विचार–विस्तार लिखिए :** **(04)**

(1) कर भला तो होगा भला ।

(2) वही मनुष्य है, कि जो मनुष्य के लिए मरे ।

(3) सच्चा मित्र जीवन की औषधि है ।

(4) बोया पेड़ बबूल का, आम कहाँ से खाय ?

(5) पराधीन सपने हूँ सुख नाही ।

(6) विपत्ति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत ।

(7) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ।

(8) जहाँ सुमति तहिं संपत्ति नाना ।

(9) खाली दिमाग, शैतान की दुकान ।

(10) नर जो करनी करे, तो नारायण बन जाय ।

(11) मनुष्य स्वयं अपने भाग्य का निर्माता है ।

(12) दु:खियों की सेवा ईश्वर की सेवा है ।

(13) जस फल बोये, तस कल चाखा ।

(14) बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर ।

(15) जो बीत गई, सो बात गई ।

(16) वृक्ष ही जल है, जल ही रोटी है, रोटी ही जीवन है ।

(17) मन का गुलाम, सबका गुलाम ।

(18) मानवहृदय महासागर के समान है ।

(19) अपाहिज तन, अडिग मन ।

(20) बसीकरन एक मंत्र है, तब दे वचन कठोर ।

प्रश्न : 54

● निम्न लिखित सूचनानुसार पत्र लिखिए :

(1) 28, गोपी–सदन, सूरत से पार्थ अपने भावनगर निवासी मित्र पलांश की निरक्षरता दूर करने के उपाय बताते हुए पत्र लिखता है ।

(2) 40, प्राचीना सोसायटी, अहमदाबाद से प्रदीप व्यास बड़ौदा में रहनेवाले अपने दोस्त राजेश दवे को 'समाचार–पत्र' के पढ़ने से होने वाले लाभ बताते हुए पत्र लिखता है ।

(3) 18, महेसाणा नगर, निझामपुरा, बड़ौदा से मिलन राजकोट निवासी अपने मित्र चिराग को 'रक्त–दान का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखता है ।

(4) 15, विवेकानंदनगर, विसनगर से विवेक अपने वलसाड वासी वरुण को 'हिन्दी भाषा का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखता है ।

(5) आनंदनगर, स्टेशन रोड, आनंद से कल्याणी अपनी सखी अनुराधा को 'दहेज–प्रथा की बुराईयाँ' समझाते हुए पत्र लिखती है ।

(6) परिश्रम, गाँधीचौक, सूरत से कल्पना, बड़ौदा में निवास करनेवाली अपनी पुत्री गीता को बढ़ती हुई मँहगाई को ध्यान में रखकर घर का खर्च काम करने के लिए खत लिखती है ।

(7) 5, आनंद वाटिका, पंचासर से दिनेश पटेल अपने भरुच निवासी, सुरेश पटेल को हमारे जीवन में 'वृक्षों का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखता है।

(8) 19, राम–रहीम नगर सेलवास से, मीना शाह पादरा निवासी अपनी सखी रेणु को 'बाढ़ पीड़ितो की दशा' का वर्णन लिख भेजती है।

(9) 77, रेहनुमान सोसायटी, अहमदाबाद से विमल अपने छोटे भाई सुलभ को 'व्यायाम का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखता है।

(10) 10, आदर्शनगर, तरसाली, बडौदा से सचिन अहमदनगर निवासी अपने मित्र राहुल को 'चक्षुदान' का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखता है।

●●●